# Bihar Police Fireman

## Previous Year Paper

### 15 Dec, 2013

Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

25,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

# बिहार अग्निशमन सेवा, फायरमैन भर्ती परीक्षा

## हल प्रश्न-पत्र–15.12.2013

1. 'प्रतिनिधित्व नहीं तो कर नहीं' का नारा किस घटना का परिणाम है ?
(A) बोस्टन टी पार्टी
(B) स्वतंत्रता का घोषणा-पत्र
(C) स्टाम्प एक्ट
(D) पहला महादेशीय सम्मेलन

2. 'जलियाँवाला बाग' हत्याकाण्ड कहाँ हुआ था ?
(A) अमृतसर (B) लुधियाना
(C) जालंधर (D) चटगाँव

3. भारत एक. . . . . . .राष्ट्र है।
(A) धर्मनिरपेक्ष (B) धर्मपंथी
(C) तानाशाह (D) राजतंत्र

4. भारत में "दलविहीन जनतंत्र" की परिकल्पना किसने प्रस्तावित की थी ?
(A) आचार्य विनोबा भावे
(B) जयप्रकाश नारायण
(C) राममनोहर लोहिया
(D) आचार्य नरेन्द्र देव

5. भारत के किस प्रधानमंत्री ने श्रीलंका में भारतीय शांति सेना भेजी थी ?
(A) इंदिरा गाँधी
(B) अटल बिहारी वाजपेयी
(C) राजीव गाँधी
(D) विश्वनाथ प्रताप सिंह

6. इनमें से राष्ट्रीय राजनीतिक दल कौन है ?
(A) नेशनल कॉन्फ्रेंस
(B) तेलुगू देशम
(C) बहुजन समाज पार्टी
(D) अकाली दल

7. "लोकतंत्र–जनता का, जनता के लिए एवं जनता के द्वारा" है–किसने कहा था ?
(A) थॉस जेफरसन (B) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(C) महात्मा गाँधी (D) अब्राहम लिंकन

8. संघवाद का अर्थ है–
(A) संघ और राज्य के बीच सत्ता का विकेन्द्रीकरण
(B) सत्ता का केन्द्रीयकरण
(C) सिर्फ राज्य सरकारों के पास सभी शक्तियों का होना
(D) अधिकारीतंत्र के पास समस्त अधिकार का होना

9. राष्ट्रीय शिक्षा नीति–1986 का उद्देश्य क्या **नहीं** है ?
(A) राष्ट्र के विकास के लिए उच्च स्तर की शिक्षा ही एकमात्र मार्ग है
(B) शिक्षा समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र को मजबूत बनाती है
(C) शिक्षा सिर्फ उनके लिए है, जो इसमें रुचि रखते हैं
(D) पिछड़े वर्गों के लिए शिक्षा की सही व्यवस्था होनी चाहिए

10. लोकतंत्र को सफल बनाने के लिए क्या करना चाहिए ?
(i) बेरोजगारों को रोजगार
(ii) सिर्फ शिक्षित लोगों को मतदान का अधिकार
(iii) सुदृढ़ पंचायती राज
(iv) नागरिकों को ईमानदार और उत्तरदायी होना चाहिए
(A) (i), (ii), (iv) (B) (i), (iii), (iv)
(C) (ii), (iii), (iv) (D) (ii), (i), (iii)

11. नस्लवाद का अर्थ होता है–
(A) रंगभेद (B) अलगाववाद
(C) साम्प्रदायिकता (D) समानता

12. डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर निम्नलिखित में से किसके साथ सम्बन्धित **नहीं** थे ?
(A) शिड्यूल्ड कास्ट फेडरेशन
(B) बौद्ध धर्म
(C) राज्य पुनर्गठन आयोग
(D) संविधान निर्माण प्रक्रिया

13. महिलाओं के मताधिकार से सम्बन्धित सफ्रागेट्स मूवमेन्ट किस देश में चलाया गया ?
(A) ग्रेट ब्रिटेन (B) चीन
(C) भारत (D) फ्रांस

14. राज्य सभा के सदस्य का कार्यकाल है–
(A) 4 वर्ष (B) 5 वर्ष
(C) 6 वर्ष (D) 3 वर्ष

15. पंचायत समिति के सदस्य अक्सर. . . . वर्ष के लिए चुने जाते हैं।
(A) सात वर्ष (B) पाँच वर्ष
(C) दस वर्ष (D) ढाई वर्ष

16. फ्रांस में 'आतंक का राज्य' किसके शासनकाल को कहते हैं ?
(A) नेपोलियन बोनापार्ट
(B) लुई-XVI
(C) रॉब्सपियर (D) मिराब्यो

17. गाँधी-इरविन समझौते पर हस्ताक्षर होनेवाला वर्ष–
(A) 1930 (B) 1931
(C) 1929 (D) 1935

18. इनमें से कौन-सा देश द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान धुरी-राष्ट्रगुट का सदस्य **नहीं** था ?
(A) जापान (B) जर्मनी
(C) चीन (D) इटली

19. इनमें से कौन राष्ट्रसंघ का अंग **नहीं** है ?
(A) सभा (B) परिषद्
(C) सचिवालय
(D) विश्व स्वास्थ्य संघ

20. संयुक्त राष्ट्र का चार्टर कहाँ तैयार हुआ था ?
(A) सेन फ्रांसिस्को (B) अटलांटा
(C) याल्टा (D) वाशिंगटन

21. गाँधीजी दक्षिण अफ्रीका से भारत कब लौटे ?
(A) 1920 (B) 1912
(C) 1915 (D) 1916

22. इनमें से कौन-सी घटना द्वितीय विश्वयुद्ध का परिणाम **नहीं** है ?
(A) औपनिवेशिक साम्राज्यों का अंत
(B) इंग्लैण्ड की शक्ति में ह्रास
(C) राष्ट्रसंघ का गठन
(D) रूस और अमरीका के प्रभुत्व में वृद्धि

23. 'मानव और नागरिकों के अधिकार' के घोषणा-पत्र के बारे में क्या **गलत** है ?
(A) इसे पुरातन व्यवस्था का मृत्यु प्रमाण-पत्र कहा जाता है
(B) इसमें स्वतंत्रता, समानता तथा बन्धुत्व को अपनाया गया
(C) सभी वयस्कों को मताधिकार दिया गया
(D) अपनी इच्छानुसार धर्मपालन करने का अधिकार मिला

24. सही सुमेलित है–
(A) गाँधी युग – 1916-1947
(B) मोपला विद्रोह – 1918
(C) राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना – 1925
(D) ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन–1921

25. औरंगजेब की मृत्यु के पश्चात् किस नेता के नेतृत्व में जाट काफी शक्तिशाली हुए ?



Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247 GET IT ON Google Play

(A) राजा भारमल (B) हैदर अली
(C) चूड़ामन (D) शिवाजी

26. पेशावर एवं काबुल किसके माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े हैं ?
(A) खैबर दर्रा (B) बोलन दर्रा
(C) मैकमोहन मार्ग (D) हो चि-मिन्ह मार्ग

27. 'फर' वनस्पति निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?
(A) मैंग्रोव वन (B) मानसूनी वन
(C) अल्पाइन वन (D) पतझड़ वन

28. "नाथू ला दर्रा". . . . . .राज्य में स्थित है।
(A) सिक्किम (B) जम्मू एवं कश्मीर
(C) अरुणाचल प्रदेश (D) हिमाचल प्रदेश

29. वनस्पति, जो विषुवतरेखीय वनों से सम्बन्धित नहीं है, वह है–
(A) महोगनी (B) रोजवुड
(C) अकेसिया (D) आयरनवुड

30. नदी, जो 'बिहार का शोक' कहलाती है–
(A) गंगा (B) बागमती
(C) कोसी (D) महानन्दा

31. चन्द्रमा की घूर्णन अवधि है–
(A) 24 घण्टा (B) 28 दिन
(C) 12 घण्टा (D) 1 वर्ष

32. तमिलनाडु में शीतकालीन वर्षा का कारण है–
(A) उत्तर-पूर्व मानसून
(B) दक्षिण-पश्चिम मानसून
(C) पश्चिमी विक्षोभ
(D) टोरनेडो

33. प्रायद्वीपीय भारत की सबसे बड़ी नदी कौन-सी है ?
(A) नर्मदा (B) कावेरी
(C) गोदावरी (D) महानदी

34. वर्ष, जिसमें प्रथम पृथ्वी सम्मेलन आयोजित हुआ, वह है–
(A) 2001 (B) 1982
(C) 1992 (D) 2011

35. भारत में रेल मंडलों की वर्तमान संख्या है–
(A) 12 (B) 14
(C) 8 (D) 16

36. राउरकेला लौह एवं इस्पात संयंत्र जिस राज्य में अवस्थित है, वह है–
(A) पश्चिम बंगाल (B) झारखण्ड
(C) ओडिशा (D) बिहार

37. भारतीय राज्य जिससे होकर कर्क रेखा नहीं गुजरती है, वह है–
(A) बिहार (B) झारखण्ड
(C) त्रिपुरा (D) मिजोरम

38. कारक, जो जलवायु को प्रभावित नहीं करता, वह है–
(A) अक्षांश (B) समुद्र से दूरी
(C) पृथ्वी की परिक्रमण गति
(D) पृथ्वी की परिभ्रमण गति

39. जनगणना 2001 के अनुसार किस व्यावसायिक वर्ग में भारत की कार्यशील जनसंख्या की संलग्नता द्वितीय सर्वाधिक रही है ?
(A) प्राथमिक (B) द्वितीयक
(C) तृतीयक (D) चतुर्थक

40. '<u>यह घर</u> मेरा है और वह तुम्हारा' रेखांकित शब्द क्या है ?
(A) संज्ञा (B) प्रविशेषण
(C) सार्वनामिक विशेषण
(D) सर्वनाम

41. '<u>शांति से</u> बैठकर अपना कार्य कीजिए' में रेखांकित शब्द किस क्रियाविशेषण का प्रकार है ?
(A) कालवाचक (B) स्थानवाचक
(C) रीतिवाचक (D) परिमाणवाचक

42. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित क्रिया विशेषण शब्दों के भेदों का सही विकल्प चुनकर लिखें–तुम <u>जितना</u> खाओगे, <u>उतने</u> ही ताकतवर बनोगे।
(A) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(B) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(C) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(D) कालवाचक क्रियाविशेषण

43. सही उत्तर छाँटें–
शयनागार, कातर, हिमालय–संरचना के आधार पर क्रमशः इनका परिचय है–
(A) योगरूढ़, यौगिक, रूढ़
(B) रूढ़, यौगिक, योगरूढ़
(C) रूढ़, यौगिक, यौगिक
(D) यौगिक, रूढ़, योगरूढ़

44. 'बहुव्रीहि' समास में–
(A) पूर्वपद प्रधान होता है
(B) उत्तर (द्वितीय) पद प्रधान होता है
(C) तृतीय पद प्रधान होता है
(D) दोनों पद प्रधान होते हैं

45. पाठ + शाला = पाठशाला के मेल को कहा जाएगा–
(A) संधि (B) समास
(C) द्वित्व (D) संयोग

46. शुद्ध वाक्य छाँटें–
(A) मेरे दोस्त के पिताजी तम्बाकू के पुराने व्यापारी हैं
(B) मेरे पुराने दोस्त के पिताजी तम्बाकू के व्यापारी हैं
(C) मेरे दोस्त के पुराने पिताजी तम्बाकू के व्यापारी हैं
(D) मेरे दोस्त के पिताजी पुराने तम्बाकू के व्यापारी हैं

47. निम्नलिखित में से कौन शरीर में विटामिन 'डी' बनाता है ?
(A) यकृत (B) आमाशय
(C) त्वचा (D) मस्तिष्क

48. सन् 2014 का फुटबॉल विश्व कप. . . में होगा।
(A) कतर (B) ब्राजील
(C) रूस (D) भारत

49. कंगारू कहाँ का मुख्य पशु है ?
(A) केन्या (B) मेक्सिको
(C) कनाडा (D) आस्ट्रेलिया

50. 'संयुक्त राष्ट्र दिवस' मनाया जाता है–
(A) 24 अक्तूबर (B) 14 नवम्बर
(C) 10 दिसम्बर (D) 23 सितम्बर

51. यूनेस्को (UNESCO) का मुख्यालय स्थित है–
(A) रोम में (B) जेनेवा में
(C) पेरिस में (D) न्यूयॉर्क में

52. संतोष ट्रॉफी किससे सम्बन्धित है ?
(A) फुटबॉल (B) क्रिकेट
(C) शतरंज (D) टेनिस

53. 'जय जवान-जय किसान' का नारा किसने दिया ?
(A) जवाहरलाल नेहरू
(B) इन्दिरा गाँधी
(C) लालबहादुर शास्त्री
(D) सुभाषचन्द्र बोस

54. Fill in the blank by choosing the right option–
Neither New Year's Eve nor Velentine's Day. . . . .a national holiday in India.
(A) were (B) are
(C) is (D) be

55. Fill in the blank by choosing the right option–
Either historical occasions or distinguished persons. . . . . .commemorated on secular holidays.
(A) has (B) is
(C) have (D) are

56. Choose the correct option to complete the following sentence–
I bought all these books. . . . .only Rs. 700
(A) in (B) by
(C) with (D) for



Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247

GET IT ON Google Play

57. Identify the word which is always used as singular—
(A) Spectacles (B) Scissors
(C) Measles (D) Trousers

58. The young one of a goat is kid and that of a hen is—
(A) Foal (B) Chick
(C) Puppy (D) Baby

59. In the following sentence, one word is underlined. Choose the word which means most nearly the same as the underlined word—
He did not know that Raman was a <u>treacherous</u> friend.
(A) Sincere (B) Truthful
(C) Brave
(D) False and disloyal

60. Which one of the following pairs is incorrect ?
(A) Rooster—Hen
(B) Patriarch—Matriarch
(C) Stag—Hind
(D) Boar—Dame

61. भारत में खरीफ फसल का मौसम होता है–
(A) जनवरी से मार्च (B) अप्रैल से जून
(C) जुलाई से अक्तूबर
(D) दिसम्बर से मार्च

62. जैवमण्डल में रासायनिक पोषकों का चक्रण होता है–
(A) जल द्वारा (B) वायु द्वारा
(C) भूमि द्वारा (D) इन सभी के द्वारा

63. प्रोटीन संश्लेषण होता है–
(A) राइबोसोम में (B) माइटोकॉन्ड्रिया में
(C) कोशिकाभित्ति में
(D) एन्डोप्लाज्मिक रेटीकुलम में

64. खाद्य-शृंखला में उत्पादक, प्रकाश (सौर) ऊर्जा को बदलते हैं–
(A) ऊष्मीय ऊर्जा में
(B) भौतिक ऊर्जा में
(C) गतिज ऊर्जा में
(D) रासायनिक ऊर्जा में

65. 2-4 D है–
(A) एक खरपतवारनाशक
(B) चूहानाशक
(C) रासायनिक खाद
(D) नई किस्म का बीज

66. पुनरुद्भवन की विशेष क्षमता पायी जाती है–
(A) मोलस्का में (B) पॉरीफेरा में
(C) कॉर्डेटा में (D) इकाइनोडर्मेटा में

67. आहार-शृंखला में मौजूद मेढक, टिड्डा, घास और साँप में यदि घास प्रथम पोषी स्तर पर है, तो तृतीय पोषी स्तर पर होगा–
(A) मेढक (B) साँप
(C) टिड्डा
(D) दोनों, मेढक और साँप

68. दिसम्बर 1984 में घटी भोपाल गैस दुर्घटना में किस जहरीली गैस का रिसाव हुआ था ?
(A) हाइड्रोजन सायनायड
(B) मिथाइल आइसोसायनेट
(C) कार्बन मोनोक्साइड
(D) मिथेन

69. एक खाद्य-शृंखला के कुछ ही चरण होते हैं, क्योंकि हर चरण पर ऊर्जा–
(A) घटती है (B) बढ़ती है
(C) पहले घटती है फिर बढ़ती है
(D) पहले बढ़ती है फिर घटती है


70. कैक्टस में पाए जानेवाले अनुकूलन हैं–
(A) पर्णशूल एवं पर्णाभस्तम्भ
(B) पर्णप्रतान एवं पर्णाभपर्व
(C) पर्णाभपर्व एवं पर्णशूल
(D) पर्णशूल एवं पर्णप्रतान

71. आपतन का कोण इनके बीच का कोण है–
(A) आपतित किरण तथा दर्पण की सतह
(B) परावर्तित किरण तथा दर्पण की सतह
(C) सतह पर अभिलम्ब तथा आपतित किरण
(D) सतह पर अभिलम्ब तथा परावर्तित किरण

72. प्रत्यावर्ती धारा में–
(A) विद्युत् धारा का मान नियत रहता है
(B) सिर्फ धारा की दिशा बदलती है
(C) धारा की दिशा और धारा का मान दोनों बदलते हैं
(D) धारा की दिशा और धारा का मान दोनों समान रहते हैं

73. विभिन्न रंगों के समूह को–
(A) वर्णपट्टी कहा जाता है
(B) प्रकाश परिक्षेपण कहा जाता है
(C) प्रकाश का प्रकीर्णन कहा जाता है
(D) प्रकाश का परावर्तन कहा जाता है

74. दिए गए ग्राफ से, त्वरण का मान है–





(A) + ve (B) – ve
(C) शून्य (D) परिवर्तनीय

75. अश्व यदि एकाएक चलना प्रारम्भ करे, तो अश्वारोही के पीछे की तरफ गिरने की आशंका का कारण है–
(A) जड़त्व आघूर्ण
(B) द्रव्यमान का संरक्षण
(C) विश्राम जड़त्व
(D) गति का तीसरा नियम

76. किसी प्रतिरोध से प्रवाहित होनेवाली विद्युत् धारा के कारण उत्पन्न ऊष्मा–
(A) विद्युत् धारा के वर्ग के समानुपाती होती है
(B) विद्युत् धारा के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती होती है
(C) विद्युत् धारा के व्युत्क्रमानुपाती होती है
(D) समय के व्युत्क्रमानुपाती होती है

77. प्रकाश की एक किरण एक माध्यम, जिसका अपवर्तनांक $\mu_1$ से चलकर दूसरे माध्यम जिसका अपवर्तनांक $\mu_2$ है, में प्रवेश करती है। अगर आपतन कोण $i$ तथा अपवर्तन कोण $r$ हो, तब $\frac{\sin i}{\sin r}$ का मान होता है–
(A) $\mu_1$ (B) $\mu_2$
(C) $\mu_1/\mu_2$ (D) $\mu_2/\mu_1$

78. दोनों द्रव्यमानों के बीच गुरुत्वाकर्षण बल का मान होगा–




(A) $\frac{G}{2}$ न्यूटन (B) $\frac{G}{4}$ न्यूटन
(C) 2G न्यूटन (D) शून्य

79. कोई स्थिर बल किसी वस्तु पर 100 सेकण्ड के लिए काम कर रहा है, जो वेग का मान 18 किमी/घण्टा से 36 किमी/घण्टा कर देता है। बल का मान है–
(A) 25 न्यूटन (B) 2.5 न्यूटन
(C) 2500 न्यूटन (D) 0.25 न्यूटन

80. जब दो समानान्तर तारों से एक ही दिशा में विद्युत् प्रवाहित हो, तो–
(A) वे एक-दूसरे को आकर्षित करते हैं
(B) वे एक-दूसरे को विकर्षित करते हैं
(C) उनमें चुम्बकीय बल एक-दूसरे के लम्बवत् होगा
(D) ये दोनों कोई बल का अनुभव नहीं करते हैं



Adda247 Telegram Channel Adda247 Instagram

Adda247 | GET IT ON Google Play

**81.** यदि किसी द्विघात समीकरण के मूलों का योग एवं गुणनफल क्रमशः 6 और 3 है, तो समीकरण है–

(A) $x^2-6x+3=0$
(B) $x^2+6x-3=0$
(C) $x^2-3x+6=0$
(D) $x^2+3x-6=0$

**82.** इनमें से किस परिमेय संख्या को सतत् दशमलव के रूप में व्यक्त किया जा सकता है ?

(A) $\frac{124}{165}$ (B) $\frac{131}{30}$
(C) $\frac{2027}{625}$ (D) $\frac{1625}{462}$

**83.** यदि $\sqrt{1+\frac{25}{144}}=1+\frac{x}{12}$ हो, तो $x$ बराबर है–

(A) 1 (B) 2
(C) 5 (D) 9

**84.** यदि एक वृत्त के त्रिज्यखण्ड की त्रिज्या R है और वह वृत्त के केन्द्र पर $x^\circ$ का कोण बनाता है, तो त्रिज्यखण्ड का क्षेत्रफल होगा–

(A) $\frac{x}{180}\times 2\pi R$
(B) $\frac{x}{360}\times 2\pi R$
(C) $\frac{x}{180}\times \pi R^2$
(D) $\frac{x}{360}\times \pi R^2$

**85.** दिया हुआ है कि म.स. (253, 440) = 11 और ल. स. (253, 440) = 253 × R, तो R का मान है–

(A) 400 (B) 40
(C) 440 (D) 253

**86.** एक वृत्त की जीवा केन्द्र पर 45° का कोण बनाती है। यदि वृत्त की त्रिज्या की लम्बाई 28 सेमी. है, तो लघुखण्ड का क्षेत्रफल है–

(A) 30.256 सेमी.$^2$ (B) 30.356 सेमी.$^2$
(C) 30.856 सेमी.$^2$ (D) 30.456 सेमी.$^2$

**87.** यदि एक त्रिभुज के शीर्षाभिमुख कोण 130° है, तो उसके आधार के समद्विभाजकों के बीच का कोण होगा–

(A) 65° (B) 100°
(C) 130° (D) 155°

**88.** गुणनफल $81\times82\times83\times\ldots\ldots\times89$ में इकाई का अंक होगा–

(A) 0 (B) 2
(C) 6 (D) 8

**89.** यदि α और β द्विघात समीकरण $3x^2+8x+2=0$ के मूल हों, तो $\frac{1}{\alpha}+\frac{1}{\beta}=?$

(A) $-\frac{3}{8}$ (B) $\frac{2}{3}$
(C) −4 (D) 4

**90.** एक व्यापारी ने किसी वस्तु को 20% की हानि पर बेच दिया। यदि उसने उस वस्तु को 100 रु. अधिक में बेचा होता, तो उसे 5% का लाभ होता। उस वस्तु का क्र.मू. था–

(A) 360 रु. (B) 400 रु.
(C) 425 रु. (D) 450 रु.

**91.** नाभिकीय रिएक्टर में कौन-सी ऊर्जा उत्पन्न होती है ?

(A) नाभिकीय ऊर्जा (B) विद्युत् ऊर्जा
(C) यांत्रिक ऊर्जा (D) ऊष्मा ऊर्जा

**92.** बायोगैस के अवयव हैं–

(A) $CH_4$, $H_2$ एवं $CO_2$
(B) $CH_4$, $H_2S$ एवं $O_2$
(C) $CO_2$; $O_2$ एवं $H_2S$
(D) $CH_4$, $C_2H_6$ एवं $O_2$

**93.** न्यूक्लियोन का मान होता है–

(A) इलेक्ट्रॉन संख्या (B) न्यूट्रॉन संख्या
(C) प्रोटोन संख्या
(D) न्यूट्रॉन एवं प्रोटोन संख्या

**94.** निम्नलिखित अभिक्रिया में

$H_2S+Cl_2\rightarrow 2HCl+S$

(A) $Cl_2$ ऑक्सीकारक की तरह व्यवहार कर रहा है
(B) $Cl_2$ अपचायक की तरह व्यवहार कर रहा है
(C) $H_2S$ ऑक्सीकारक की तरह व्यवहार कर रहा है
(D) $H_2S$ का अपचयन सल्फर में हो रहा है

**95.** नाइट्रोजन गैस के अणु में निम्नलिखित आबन्ध है–

(A) आयोनिक आबन्ध
(B) एकल सहसंयोजी
(C) द्वि-सहसंयोजी (D) त्रि-सहसंयोजी

**96.** इस अभिक्रिया में–

$2Al+6H^+\rightarrow 2Al^{3+}+3H_2$ किसका ऑक्सीकरण हो रहा है ?

(A) $Al$ (B) $H^+$
(C) $Al^{3+}$ (D) $H_2$

**97.** ब्यूटेन तथा आइसो ब्यूटेन हैं–

(A) सजात (B) समावयव
(C) अपररूप (D) सम संरचनायुक्त

**98.** एक विलयन जिसका $pH$ 3 है, तो उस विलयन में $OH^-$ की सान्द्रता होगी–

(A) $10^{-11}$ (B) $10^{-3}$
(C) $10^{-7}$ (D) $10^{-14}$

**99.** एक इलेक्ट्रॉन का भार एवं आवेश है–

(A) $\frac{1}{1838}$ वाँ प्रोटॉन का भार तथा धन आवेश
(B) प्रोटॉन का भार तथा धन आवेश
(C) $\frac{1}{1838}$ वाँ प्रोटॉन का भार तथा ऋण आवेश
(D) प्रोटॉन का भार तथा ऋण आवेश

**100.** ग्रेफाइट का पेंसिल में प्रयोग किया जाता है, क्योंकि–

(A) यह कागज पर चिह्न अंकित कर सकता है
(B) यह कार्बन का अपररूप है
(C) यह सस्ता है
(D) यह मुलायम तथा भंगुर है

**उत्तर (Answer)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. (C) | 2. (A) | 3. (A) | 4. (B) |
| 5. (C) | 6. (C) | 7. (D) | 8. (A) |
| 9. (C) | 10. (A) | 11. (A) | 12. (C) |
| 13. (A) | 14. (C) | 15. (B) | 16. (B) |
| 17. (B) | 18. (C) | 19. (D) | 20. (A) |
| 21. (C) | 22. (C) | 23. (B) | 24. (C) |
| 25. (C) | 26. (A) | 27. (C) | 28. (A) |
| 29. (C) | 30. (C) | 31. (B) | 32. (A) |
| 33. (C) | 34. (C) | 35. (D) | 36. (C) |
| 37. (A) | 38. (D) | 39. (C) | 40. (A) |
| 41. (C) | 42. (C) | 43. (D) | 44. (C) |
| 45. (D) | 46. (A) | 47. (C) | 48. (B) |
| 49. (D) | 50. (A) | 51. (C) | 52. (A) |
| 53. (C) | 54. (C) | 55. (D) | 56. (D) |
| 57. (C) | 58. (B) | 59. (D) | 60. (D) |
| 61. (C) | 62. (D) | 63. (A) | 64. (D) |
| 65. (A) | 66. (B) | 67. (A) | 68. (B) |
| 69. (A) | 70. (C) | 71. (C) | 72. (C) |
| 73. (A) | 74. (C) | 75. (C) | 76. (A) |
| 77. (B) | 78. (A) | 79. (D) | 80. (A) |
| 81. (A) | 82. (A) | 83. (A) | 84. (D) |
| 85. (B) | 86. (*) | 87. (D) | 88. (A) |
| 89. (C) | 90. (B) | 91. (A) | 92. (A) |
| 93. (D) | 94. (A) | 95. (D) | 96. (A) |
| 97. (B) | 98. (A) | 99. (C) | 100. (A) |



Adda247 Telegram Channel  Adda247 Instagram